सत्यमेव जयते

भारत सरकार

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

''एनडीएमए भवन'', ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029

दूरभाष : 011-26701796

फा.सं. 1-58/2021-पीपी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में अनुबंध आधार पर परामर्शदाता ग्रेड-II के 05 पदों तथा परामर्शदाता ग्रेड-I के 01 पद को भरने के लिए विज्ञापन.

एनडीएमए निम्नलिखित पदों के लिए देश के योग्यता एवं विशेषज्ञता युक्त व्यक्तियों से आवेदनपत्र आमंत्रित करता है :

क्र. सं.	पदों का नाम	पद का स्वरूप	रिक्ति	वेतन	शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	अधिकतम आयु सीमा
1.	परामर्शदाता ग्रेड-II (अन्तर्राष्ट्रीय संरचनायें एवं आपदा डाटा प्रबंधन)	अनुबंधात्मक	1	समेकित रु. 1,25,000-1,75,000	**शैक्षिक योग्यता :** सामाजिक विज्ञान अथवा आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर के साथ सांख्यिकी गणित, अर्थशास्त्र, आपदा प्रबंधन जीआईएस अथवा किसी अन्य संबंधित विधा में सशक्त पृष्ठाधार. **अनुभव :** आपदा जोखिम न्यूनीकरण अथवा डाटाबेस प्रबंधन के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों का कार्यानुभव वृहद् डाटासेटों के प्रबंधन पर संकेंद्रण के साथ.	अधिकतम 50 वर्ष (सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 62 वर्ष).
2.	परामर्शदाता ग्रेड-II (जलवायु परिवर्तन)	अनुबंधात्मक	1	समेकित रु. 1,25,000-1,75,000	**शैक्षिक योग्यता :** जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, भू-विज्ञान, कृषि, पर्यावरण विज्ञान, मौसम विज्ञान, शहरी योजना, भूगोल, विज्ञान, अभियांत्रिकी विकास संबंधित क्षेत्रों में निष्णात डिग्री. **उत्तर योग्यता अनुभव : 5-10 वर्ष.**	अधिकतम 50 वर्ष (सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 62 वर्ष).
3.	परामर्शदाता ग्रेड-II (वन अग्नि)	अनुबंधात्मक	1	समेकित रु. 1,25,000-1,75,000	**शैक्षिक योग्यता :** वानिकी, आपदा प्रबंधन, भू-विज्ञान, कृषि, वन्यजीवन संरक्षण अध्ययन, पर्यावरण विज्ञान, मौसम विज्ञान, विज्ञान, अभियांत्रिकी में निष्णात डिग्री. **उत्तर योग्यता अनुभव : 5-10 वर्ष.**	अधिकतम 50 वर्ष (सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 62 वर्ष). समेकित
4.	परामर्शदाता ग्रेड-II (आपदा प्रबंधन)	अनुबंधात्मक	2	समेकित रु. 1,25,000-1,75,000	**योग्यतायें :** किसी विधा में निष्णात डिग्री (अधिमानतः आपदा प्रबंधन, सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, भू-विज्ञान, कृषि, प्रबंधन, विधि, विज्ञान, अभियांत्रिकी में) **उत्तर योग्यता अनुभव : 5-10 वर्ष.**	अधिकतम 50 वर्ष (सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 62 वर्ष).
5.	परामर्शदाता ग्रेड-I (आपदा प्रबंधन)	अनुबंधात्मक	1	समेकित रु. 75,000-1,00,000	**योग्यतायें :** किसी विधा में निष्णात डिग्री (अधिमानतः आपदा प्रबंधन, सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, भू-विज्ञान, कृषि, प्रबंधन, विधि, विज्ञान, अभियांत्रिकी में) **उत्तर योग्यता अनुभव : 3-5 वर्ष.**	अधिकतम 45 वर्ष (सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 62 वर्ष).

2. विस्तृत निबंधन एवं शर्तें तथा पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यता, अनुभव इत्यादि) परामर्शदाताओं की नियुक्ति उपरोक्त विधाओं के विचारार्थ विषय (टीओआर) में निर्दिशित किये गये हैं जिसको एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.

3. इच्छुक व्यक्ति एनडीएमए वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने जीवनवृत्त शैक्षिक योग्यता, अनुभव तथा ग्रेड वेतन स्थापित करते हुए प्रमाणपत्रों के साथ **अवर सचिव (प्रशा.), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ए-1, सफरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029 के पास रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं.**

महत्वपूर्ण टिप्पणी : प्रत्येक पद/विधा (क्षेत्र) के लिए पृथक आवेदनपत्र प्रेषित किये जाने चाहिए. अपूर्ण आवेदनपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा.

(अभिषेक बिस्वास)
अवर सचिव (प्रशा.)

रो.स. 50/51